इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय

देश भर में यूआईडीएआई द्‍वारा संचालित 21 ‘आधार’ सेवा केन्द्र परिचालन में हैं

प्रविष्टि तिथि: 21 NOV 2019 1:06PM by PIB Delhi

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने देश भर में 114 एकल (स्टैंडअलोन) आधार नामांकन एवं अद्‍यतन केन्द्रों को खोलने की अपनी योजना के तहत 21 आधार सेवा केन्द्रों (एएसके) को परिचालन में ला दिया है। ये केन्द्र बैंकों, डाकघरों और राज्य सरकारों द्‍वारा संचालित किये जा रहे 35,000 आधार नामांकन केन्द्रों के अलावा हैं।

इन केन्द्रों में प्रति दिन 1000 तक नामांकन एवं अद्‍यतन अनुरोधों को संचालित करने की क्षमता है। ये केन्द्र सप्ताहांत सहित हफ्ते के सभी दिन प्रात: साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक परिचालन में रहेंगे। ये केन्द्र केवल सार्वजनिक अवकाश के दिन बंद रहेंगे। यूआईडीएआई ने देश भर में 53 शहरों में 114 आधार सेवा केन्द्र खोलने की योजना बनाई है।

वैसे तो आधार संबंधी नामांकन नि:शुल्क है, लेकिन आधार से मोबाइल नम्बर को जोड़ने, घर का पता अपडेट करने जैसे ब्यौरे को दर्ज करने के लिए 50 रुपये का नाममात्र शुल्क देना पड़ता है।

आधार सेवा केन्द्र में बेहतरीन टोकन प्रबंधन प्रणाली कार्यरत होती है, जो लोगों को बिना किसी बाधा के नामांकन/अपडेट प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों तक ले जाने के लिए उनका मार्गदर्शन करती है।

चूंकि ये केन्द्र वातानुकूलित होते हैं और वहां बैठने की पर्याप्त क्षमता होती है, इसलिए जिन लोगों को टोकन दिया जाता है, उन्हें लाइनों में खड़े नहीं होना पड़ता है।

देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत 21 आधार सेवा केन्द्रों की सूची देखने के लिए अंग्रेजी का अनुलग्नक यहां क्लिक करें

***

आरकेमीणा/आरएनएम/एएम/आरआरएस/वाईबी-4326

(रिलीज़ आईडी: 1592914) आगंतुक पटल : 313

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Malayalam